# National Informatics Center Services Incorporated (NICSI)

## with

# Viklang Sahara Samiti Delhi




## AIDS AND APPLIANCES DISTRIBUTION CAMP

## ON 16th March 2024

## Venue:- Sinachai Colony, Motipur, Block Mihinpurwa, District Bahraich Uttar Pradesh

सहायक उपकरण वितरण शिविर

दिनांक 16 मार्च 2024

एवं

# नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरिटेड

विकलांग सहारा समिति दिल्ली (वीएसएसडी) विकलांग व्यक्तियों और वंचित युवाओं के कल्याण के लिए काम कर रही है। वीएसएसडी ने वर्ष 1994 में ''विकलांग मार्गदर्शन केंद्र (वीएमके)'' नामक अपना स्वयं का परामर्श केंद्र स्थापित किया। यह एक ऐसा मार्गदर्शन केंद्र है जो विकलांग व्यक्तियों को बिना किसी परेशानी के सभी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है। वीएमके में दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु योजना शामिल है जिसका उद्देश्य गतिशीलता, संचार और उनकी दैनिक गतिविधियों को निष्पादित करने और दिव्यांग व्यक्तियों की जरूरतों को पूरा करने में उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में उनका समर्थन करना है। संस्था ने दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए **नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरिटेड** के साथ सहयोग किया। हमारा मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से सक्षम लोगों को सहायक उपकरण प्रदान करके उनकी गतिशीलता, संचार और दैनिक गतिविधियों को बढाना एवं उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना एवं दिव्यांगों का पूर्ण पुनर्वास करना और देश से दिव्यांगता को दूर करना और दिव्यांगों को उनकी पूर्ण भागीदारी के लिए समान अवसर प्रदान करना है ताकि वे समाज में सामान्य लोगों के समान अधिकार का मंच साझा कर सकें।

दिव्यांगजनों को दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों के लिए सहायक उपकरणो की बहुत आवश्यकता थी, सहायक उपकरण दिव्यांगलोगों को चलने व कही पर आने जाने में काफी मदद् करती हैं और दिव्यांगाजनों की आर्थिक क्षमता को बढ़ाती है। हालाँकि, बड़ी संख्या में दिव्यांग व्यक्ति निम्न आय वर्ग से हैं और इन उपकरणों का लाभ लेने से वंचित हैं क्योंकि इन्हें प्राप्त करने के लिए धन नहीं मिल पा रहा है और परिणाम स्वरूप सम्मान जनक स्वतंत्र जीवन जीने को भी नहीं मिल पा रहा है और केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान कर रही है।

दिव्यांगजनों एवं युवाओं के लिए विकलांग सहारा समिति दिल्ली द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमः–

शिक्षा
छात्रवृत्ति
स्कूल परामर्श
स्टेशनरी का सामान दान करना
व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम
विकलांग मार्गदर्शन कार्यक्रम

इन सभी कार्यक्रमों के साथ, **नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरिटेड** ने विकलांग सहारा समिति दिल्ली के साथ हाथ मिलाया और दिव्यांग लोगों के लिए सहायक उपकरण प्रदान करके उनके सशक्तिकरण के लिए काम करने का फैसला किया, ताकि दिव्यांग लोगों के लिए इसे आसान बनाया जा सके। **नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरिटेड** के सहयोग से दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित करने में संस्था सक्षम हुई, जिसमें 98 दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को एवं 80 बुजुर्गजनों को इन सुविधाओ से लाभ पहुचाया गया।

# नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरिटेड के तहत
## दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड् ट्राईसाईकिल, हाथ वाली ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, स्टिक, बैसाखी, कान की मशीन का वितरण कार्यक्रम

विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं **नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरिटेड** के अंतर्गत निःशुल्क मोटराइज्ड् ट्राईसाईकिल, हाथ वाली ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, स्टिक, बैसाखी, कान की मशीन, के वितरण समारोह का आयोजन **सिचाई कॉलोनी, मोतीपुर, ब्लॉक मिहींपुरवा, जनपद बहराईच उत्तर प्रदेश**, में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन **नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरिटेड** व विकलांग सहारा समिति दिल्ली के अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कपिल कुमार अग्रवाल जी ने संयुक्त से दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड् ट्राईसाईकिल, हाथ वाली ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, स्टिक, बैसाखी, कान की मशीन आदि दिव्यांगजनों को दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए गए जिन लोगों को चलने फिरने में असावधानी होती है ऐसे दिव्यांगजनों को आज एक जगह एकत्र किया गया, जहॉ वह असानी से पहुॅच सकें, क्योकि दिव्यांग व्यक्ति के अन्य जगह जाने के लिए किराया और समय का अभाव होता है, हर दिव्यांग व्यक्ति के लिए उन सभी विभागों में जाने में असुविधा होती है। उपरोक्त कार्यक्रम में विकलांग सहारा समिति दिल्ली के संस्थापक मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री **कपिल** कुमार अग्रवाल जी ने बताया कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए हमारी संस्था **नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरिटेड** के माध्यम से इस तरह के अन्य शिविरों का आयोजन क्षेत्र में समय समय पर आयोजित करती रहेगी। और दिव्यांगजनों को मार्गदर्शन के साथ–साथ उन्हें सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से अवगत करेगी। कार्यक्रम में विकलांग सहारा समिति दिल्ली से श्री बंटी सौलंकी महासचिव, श्री विजय, श्री राम बचन, आदि और भी लोग मौजुद रहे।




विकलांग सहारा समिति दिल्ली
नेशनल इनफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड










विकलांग सहारा समिति दिल्ली








विकलांग सहायता समिति दिल्ली
















Fly Emirates

वर्ष 20 ● संयुक्त अंक 35-36
नई दिल्ली, रविवार
24 मार्च से 6 अप्रैल 2024
मूल्य : 2 ₹, पृष्ठ 16

# अपनी दिल्ली

देश की बात

apnidilli.com | apnidillinews | apnidelhi@gmail.com | @apnidillinewspaper | @apnidilli

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र , गुजरात, बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ में प्रसारित
RNI No. DELHIN/2003/10665

आप सभी को रंगों का महापर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## विकलांग सहारा समिति द्वारा नेशनल इनफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड के सहयोग से बहराईच उत्तर प्रदेश में दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई-साईकिल, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, हाथ वाली छड़ी, कान की मशीन का वितरण किया

**अपनी दिल्ली संवाददाता**

बहराईच। विकलांग सहारा समिति एवं नेशनल इनफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड के सहयोग से सिचाई कॉलोनी, मोतीपुर, ब्लॉक मिहींपुरवा, जनपद बहराईच उत्तर प्रदेश में दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं श्रावस्ती ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसके तहत दिव्यांगजनों का पंजीकरण कर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए गए। इस शिविर में विकलांग सहारा समिति से आए हुए अधिकारियों के माध्यम से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण के तौर पर मोटराइज्ड ट्राई-साईकिल, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, हाथ वाली छड़ी, कान की मशीन आदि का वितरण किया। संस्था के संस्थापक एवं सीईओ कपिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के शिविर दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए समय समय पर आयोजित किये जाते रहते है। जिससे उसी क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा जरूरत मंद दिव्यांगजनों को इन शिविरों का लाभ उठा सकें। उपरोक्त शिविर में ९४ दिव्यांगजनों को लाभ प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में विकलांग सहारा समिति से महासचिव बंटी सोलंकी, प्रबंधक विजय कुमार, राम बच्चन एवं अतुल सोनी, भूपेंद्र कुमार राव, रितेश कुमार द्विवेदी, सुरेश कुमार एवं संतबली उपस्थित रहे। अन्त में सभी लोगों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम का समापन किया।

वर्ष 20 ● संयुक्त अंक 35-36
नई दिल्ली, रविवार
24 मार्च से 6 अप्रैल 2024
मूल्य : 2 ₹, पृष्ठ 16

# अपनी दिल्ली

देश की बात

आप सभी को रंगों का महापर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

apnidilli.com apnidillinews apnidelhi@gmail.com @apnidillinewspaper @apnidilli

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र , गुजरात, बिहार, झारखण्ड, छतीसगढ़ में प्रसारित RNI No. DELHIN/2003/10665


## विकलांग सहारा समिति द्वारा नेशनल इनफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड के सहयोग से बहराईच उत्तर प्रदेश में दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई-साईकिल, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, हाथ वाली छड़ी, कान की मशीन का वितरण किया









**अपनी दिल्ली संवाददाता**

बहराईच। विकलांग सहारा समिति एवं नेशनल इनफेर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड के सहयोग से सिचाई कॉलोनी, मोतीपुर, ब्लॉक मिहींपुरवा, जनपद बहराईच उत्तर प्रदेश में दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकलांग सहारा समिति दिल्ली एवं श्रावस्ती ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसके तहत दिव्यांगजनों का पंजीकरण कर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए गए। इस शिविर में विकलांग सहारा समिति से आए हुए अधिकारियों के माध्यम से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण के तौर पर मोटराइज्ड ट्राई-साईकिल, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, हाथ वाली छड़ी, कान की मशीन आदि का वितरण किया। संस्था के संस्थापक एवं सीईओ कपिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के शिविर दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए समय समय पर आयोजित किये जाते रहते है। जिससे उसी क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा जरूरत मंद दिव्यांगजनों को इन शिविरों का लाभ उठा सकें। उपरोक्त शिविर में 98 दिव्यांगजनों को लाभ प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में विकलांग सहारा समिति से महासचिव बंटी सोलंकी, प्रबंधक विजय कुमार, राम बच्चन एवं अतुल सोनी, भूपेंद्र कुमार राव, रितेश कुमार द्विवेदी, सुरेश कुमार एवं संतबली उपस्थित रहे। अन्त में सभी लोगों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम का समापन किया।